## खबर संक्षेप

### महिला के खाते से गायब हुए 19 हजार रुपये

**ढीमरखेड़ा।** सिलौड़ी में एक महिला आधार अपडेट कराने गई और ठगी का शिकार हो गई। पीड़िता महिला ने कटनी पुलिस अधीक्षक को शिकायत कर खाते से गायब हुए रुपये वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सिलौड़ी निवासी पीड़िता रानी साहू ने शिकायत करते हुए बताया कि वह गांव में ही एक दुकान पर आधार अपडेट कराने गई थी। जहा पर दो युवकों ने मशीन में अंगूठा लगवाया और कहा कि तीन दिन में आधार अपडेट हो जाएगा। महिला ने तीन दिन बाद खाता चैक कराया तो पता चला कि उसके खाते से करीब 19 हजार रुपये निकल गए हैं। अब खुद के रुपये पाने परेशान पीड़िता ने पुलिस की सहायता ली है।

### शिवानी पटेल ने क्षेत्र का नाम किया रोशन

**सिलौंडी।** एक किसान की बेटी और क्षेत्र की जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गा पारस पटेल की बेटी शिवानी पटेल ने 10वी की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है । सरस्वती शिशु मंदिर पान उमरिया में पढ़ने वाली एक छोटे से गांव की बेटी ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया।

### जनपद कक्ष बड़वारा में कंट्रोल रूम स्थापित

**बड़वारा।** जिले में मॉकड्रिल आयोजित किया गया है। बड़वारा जनपद पँचायत में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई। अधिकारी शासन के निर्देश के तहत सायं 07 बजे से सायं 7 : 45 बजे तक अपनी ड्यूटी में कार्यरत रहेंगे। प्रभारी उदयभान सिंह दाहिया खण्ड पँचायत अधिकारी, उदयराम बैगा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, गोविंद सिंह ठाकुर सहायक लेखाधिकारी एवम सत्येंद्र सिंह सेंगर पँचायत सचिव की ड्यूटी लगाई गई है ये सभी अधिकारी बड़वारा जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश में कार्य करेंगे।

### जिले में समग्र ई-केवायसी कार्य 61.53 फीसदी पूरा

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में समग्र ई-केवायसी अभियान के तहत आधार के लिंकिंग का कार्य चल रहा है। उन्होंटने समग्र ई-केवायसी कार्य में प्रगति लाने घर-घर जाकर ई-केवायसी कराने की हिदायत दी है। समग्र ई-केवायसी करने के मामले में जनपद पंचायत बहोरीबंद जिले में अव्वरल है। जहां अब तक लक्ष्यन का 75.20 फीसदी समग्र ई-केवायसी का कार्य पूरा हो चुका है।। जबकि नगरनिगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 29 हजार 129 लोगों का समग्र ई-केवायसी सत्यौपित हो सका है। जो लक्ष्यग का मात्र 35.57 फीसदी है। इसी प्रकार जनपद पंचायत कटनी ने अब तक 71.55 प्रतिशत, नगर परिषद विजयराघवगढ़ ने 69.46 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है। जबकि जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा ने 68.20 और जनपद पंचायत रीठी ने 67.85 फीसदी प्रगति की है। इसके अलावा जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ ने 69.18 प्रतिशत तथा नगर परिषद बरही ने 62.54 प्रतिशत एवं जनपद पंचायत बड़वारा ने 63.37 फीसदी ई-केवायसी सत्योपन का कार्य किया है। जबकि नगर परिषद कैमोर ने समग्र ई-केवायसी को आधार से जोड़ने के कार्य में लक्ष्य का 50.36 प्रतिशत प्रगति हासिल की है।

### उमरियापान की भूमिका का प्रदेश में दसवां स्थान

**उमरियापान।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं में उमरियापान की बेटी भूमिका कटारिया ने प्रदेश की मैरिट सूची में दसवां स्थान अर्जित कर जिले व क्षेत्र का नाम बढ़ाया है। छात्रा ने 500 में से 491 अंक (98.2%) प्राप्त किए है। भूमिका आगे की पढ़ाई कर सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट)बनना चाहती है। छात्रा के पिता संतोष कटारिया व्यवसायी जबकि माता रजनी कटारिया गृहिणी हैं।

# 10 साल बाद फिर इंदिरा मार्केट की सड़क को चौड़ा करने का लिया गया फैसला

**तबके के कलेक्टर संतोष मिश्रा और आईजी पवन श्रीवास्तव ने सड़क चौड़ीकरण के लिए की थी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज सतना



यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से पटरी पर लाने के लिए कलेक्टर सतीश कुमार एस ने गुरुवार को एक बड़ा फैसला लिया है। कलेक्टर ने शहर के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया इस दौरान उनके साथ नगर निगम के कमिश्नर शेर सिंह मीणा के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद यह फैसला लिया गया है कि स्टेशन रोड इंदिरा मार्केट की सड़क को चौड़ा किया जाएगा। इसके पहले साल 2014 में सतना के कलेक्टर रहे तब के संतोष मिश्रा और रीवा रेंज के आईजी पवन श्रीवास्तव ने भी यह बीडा उठाया था। दोनों अधिकारियों ने व्यापक पैमाने पर प्रयास किया और सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई की गई लेकिन नतीजा शिफर रहा। यातायात पर बढ़ते दबाव और व्यवस्था को बेहतर करने के लिए एक बार फिर से इस सड़क को छोड़ करने की पहल की गई है।

### कलेक्टर ने बनाई 8 अफसरों की टीम

कलेक्टर सतीश कुमार एस ने आठ अधिकारियों की एक समिति बनाई है जो यातायात व्यवस्था को सुधारने का काम करेगी। आपको बता दें कि कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए बनाई गई यह टीम हर गुरुवार शहर के प्रमुख ट्रैफिक पॉइंट्स का निरीक्षण करेगी। जिसमें यह देखा जाएगा कि पिछले सप्ताह बनाई गई योजना में कितना अमल हुआ है, इसका रिव्यू किया जाएगा।

### कहां-कहां किया निरीक्षण

कलेक्टर की अगुवाई में टीम ने गुरुवार को बस स्टैंड,कोठी तिराहा,स्टेशन रोड,इंदिरा मार्केट और अस्पताल रोड का दौरा कर ट्रैफिक व्यवस्था को नजदीक से देखा। इसदौरान कोठी तिराहे पर अतिक्रमण हटाने और बसों की पार्किंग व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। इंदिरा मार्केट के पास सड़क को चौड़ा करने का निर्णय लिया गया।कोठी तिराहे पर अतिक्रमण हटाने और बसों की पार्किंग व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

### व्यापारियों से सहयोग की अपील

टीम ने स्थानीय व्यापारियों से शहर को सुव्यवस्थित करने में सहयोग मांगा। अस्पताल के सामने सड़क के दोनों तरफ से अतिक्रमण हटाने के लिए निगमायुक्त को एक विशेष टीम बनाने को कहा गया है। इस टीम में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े,नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह,ईई पीडब्ल्यूडी बी.आर.सिंह,एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया,तहसीलदार सौरभ मिश्रा और एआरटीओ संजय श्रीवास्तव शामिल हैं। टीम हर सप्ताह निर्देशों के पालन की समीक्षा करेगी।

# चित्रकूट में घर की छत पर मिला व्यापारी का शव, पास में पड़ा मिला कट्टा



हरिभूमि न्यूज सतना

धार्मिक नगरी चित्रकूट के कामता मोहल्ले में गुरुवार सुबह एक व्यापारी का शव उसकी छत पर मिला। शव के पास एक तमंचा भी बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार,प्रथम दृष्टया मामला आत्म हत्या का लग रहा है। मृतक की पहचान राधाकृष्ण उर्फ लाला हलवाई के रूप में हुई है, जो प्रसाद की दुकान चलाने के साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी करता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 3 बजे लाला हलवाई का बड़ा भाई दुकान खोलने के लिए उठा तब उसे छत पर शव दिखाई दिया। उन्होंने अन्य परिजनों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सूचना मिलते ही थाना प्रभारी डीआर शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।लाला हलवाई प्रसाद की दुकान चलाने के साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी करता था।

### पिछले दिनों हुआ था अपहरण

परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही लाला हलवाई का अपहरण हुआ था। जिसमें दीपक पांडेय और मनोज गुप्ता पर आरोप लगा था। बाद में वह नाटकीय ढंग से घर लौटा और पुलिस को दिए बयान में अपहरण की बात से इनकार करते हुए खुद के छिपे रहने की बात कही थी। तब से वह घर से बाहर नहीं निकल रहा था। शव के पास एक तमंचा भी पड़ा मिला है।थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद फोरेंसिक टीम को बुलाया है। घटनास्थल से तमंचा बरामद करने के साथ अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

# पुलिस ने कटवाया 'जेल' लिखा केक, कोर्ट ने भेजा जेल



**जेल से छूटने के बाद सड़क पर केक काटकर चलाई थीं गोलियां**

**हरिभूमि न्यूज सतना।** जेल से रिहा होने के बाद केक काटकर जश्न मनाने वाले आदतन अपराधी बाबू परिहार को पुलिस ने उसी के अंदाज में सबक सिखाया है। कोलगवां पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के बाद उससे केक कटवाया,जिस पर जेल लिखा था। केक काटने के बाद उसे हथकड़ी लगाकर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से 315 बोर का देसी कट्टा बरामद किया है। इससे पहले बाबू परिहार ने जेल से छूटने के बाद नई बस्ती में सड़क पर अपने दोस्तों के साथ केक काटा था। इस दौरान उसने कई राउंड हवाई फायरिंग भी की थी।यह घटना तब सामने आई जब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। टीआई सुदीप सोनी के अनुसार,वीडियो का संज्ञान लेते हुए कोलगवां थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। सेलिब्रेशन के दौरान मौजूद उसके एक साथी को भी गिरफ्तार किया गया है। 3 मई(शनिवार) को आदतन अपराधी बाबू परिहार ने जेल से रिहा होने के बाद बीच सड़क में केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान उसने हवाई फायर भी किया। जिसका वीडियो मंगलवार रात सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस वीडियो के आधार पर बाबू परिहार और उसके साथियों की तलाश कर रही है।

# ईदगाह चौक पुरानी सब्जी मंडी के पास सट्टा पर्ची काटते पांच गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने ईदगाह चौक पुरानी सब्जी मंडी के पास सट्टा पर्ची काटते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सूचना प्राप्त हुई कि ईदगाह चौक पुरानी सब्जी मंडी के पास कुछ लोग सट्टा पर्ची काट रहे हैं,सूचना प्राप्त होते ही तत्काल थाना प्रभारी सिटी कोतवाली द्वारा टीम गठित कर वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार मौके पर घेराबंदी करके दबिश दी गई तो पांच लोग सट्टा पर्ची काटते हुए पकडाए,जिनके कब्जे से सट्टा पर्ची,डाट पेन व नगदी लगभग 4000 रुपए जप्त किया गया है। पांचो आरोपियों के द्वारा संगठित होकर अपराध घटित करना पाया गया,जो सिटी कोतवाली सतना पुलिस द्वारा पांचो के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए धारा 4 (क) सट्टा एक्ट,112 बी एन एस एस के तहत कार्यवाही की गई है। आरोपियों के पूर्व के आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी एकत्रित कर अन्य धाराओं में भी कार्यवाही की जा रही है। पकडे गए आरोपियों के नाम अभिषेक लोधी पिता रामजी लोधी उम्र 23 वर्ष निवासी बजरहाटोला,अंकुर बेलदार पिता रमेश बेलदार उम्र 32 वर्ष निवासी बजरहाटोला,आशीष पटारिया पिता स्व.मोहनलाल पटारिया उम्र 36 वर्ष निवासी कंपनीबाग राजा साहू पिता दुर्गा प्रसाद साहू उम्र 25 वर्ष निवासी आजाद चौक और मनोज पटारिया पिता मुन्नालाल पटारिया उम्र 50 वर्ष निवासी कंपनीबाग है।

# रीवा से इंदौर जा रही बस 3 दिन से खड़ी है बस स्टैण्ड में, जाम लगने से हो रहा यातायात प्रभावित




**हरिभूमि न्यूज मैहर।** मैहर नगर के हाइवे रोड पर स्थित पुराने राज्य परिवहन बस स्टैंड में आज 3 दिन से रीवा से इंदौर जा रही जय भवानी ट्रैवल्स की बस बिगड़ी खड़ी हुई है। जिससे यहां पर आने जाने बसों के कारण जाम लगने से यातायात प्रभावित हो रहा है। इस मामले को लेकर यातायात प्रभारी को सूचना देने के बाद अभी तक इस बस को हटाया नहीं गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि यातायात थाना प्रभारी के द्वारा करवाई क्यों नहीं की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस बस के इंजन में कोई खराबी आ गई है जिससे इस बस को यहां पर खड़ा कर दिया गया है। इस बस को सड़क की साइड में खड़ा करना चाहिए मगर यह सड़क में ही खड़ी की गई है जिससे साफ जाहिर होता है कि बस चालक कितना समझदार है। बस स्टैण्ड के लोगों के द्वारा बताया जा रहा है कि इस बस की तरह और भी कई बसें यहां से निकलती हैं जिनका यहां से निकलने का परमिट और रास्ता नहीं है। स्थानीय लोगों के द्वारा बताया जा रहा है इस बस स्टैण्ड में खड़ी होने वाली बसों के यात्रियों के लिए नगर पालिका परिषद के द्वारा किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नही कराई गई है जब कि प्रति बस से नगर पालिका परिषद टैक्स वसूलती है। इस संबंध को लेकर यात्रियों के नगर पालिका परिषद को कोसती है। बस से बड़ी बात यहां पर यात्रियों के लिए कोई सुलभ काम्पलेक्स नहीं है जिससे बस से उतरने वाली महिलाओं के प्रशाधन के लिए इधर उधर भागना पड़ता है। ऐसा भी हुआ कि कई महिलाएं दुकानों के पीछे चली गई इतने में बस छूट जाने से कारण परेशानी होती दिखी। इसी तरह आधी गर्मी निकल गई मगर आज एक प्याऊ की झोपड़ी तक नगर पालिका परिषद नहीं लगा सकी जिससे आने जाने वाले यात्रियों को पेयजल उपलब्ध हो सके। इसी तरह धूप हो बरसात हो खुले आसमान के नीचे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। आज देखा जा रहा है कि यात्री अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर धूप में खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि विधायक के सामने भी इस समस्या को लेकर चर्चा हुई थी जिसमें कहा गया था कि पेट्रोल पंप के आगे एक सुलभ काम्पलेक्स बनाया जाएगा मगर यह काम्पलेक्स कब बनेगा कोई नही जानता।

# केजेएस सीमेन्ट में सुरक्षा गेट मीटिंग का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज मैहर।** केजेएस सीमेन्ट राजनगर मैहर में विगत दिवस सुरक्षा गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस सुरक्षा सभा में सीईओ संजय त्यागी,सिविल हेड बीके ठाकुर,माइंस हेड वीएस राठौर,एचआर हेड विकास रायजादा एवं प्रोसेस हेड राजेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए माइंस विभाग के कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा थीम माइनिंग और मटेरियल परिवहन विषय पर नुक्कड़ नाटक का प्रभावी मंचन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा पर जानकारी दी गई ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। सेफ्टी हेड प्रमोद पयासी द्वारा पिछले माह घटित घटनाओं की जानकारी देने के बाद लोगों का आव्हान किया गया कि आप लोग प्लांट में होने वाली छोटी-छोटी घटनाओं को रिपोर्ट करिए ताकि किसी बड़ी घटना को रोका जा सके। इस अवसर पर पिछले माह प्लांट में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया। कंपनी के सीईओ संजय त्यागी ने अपने उद्बोधन में लोगों से कहा कि कार्य के दौरान सभी सुरक्षा सावधानियों पर ध्यान रखें ताकि किसी के साथ कोई दुर्घटना न हो। गर्मी के इन दिनों में विशेष सावधानी बरतें ताकि किसी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। श्री त्यागी ने कर्मचारियों से प्लांट परफॉर्मेंस पर भी विशेष ध्यान देने पर जोर दिया ताकि अगले वित्तीय वर्ष के लिए तय किए गए लक्ष्य को पूरा किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में सेफ्टी हेड श्री पयासी ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में की गई बाबा तालाब की सफाई

हरिभूमि न्यूज मैहर

आज़ जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मैहर के प्रसिद्ध बाबा तालाब की साफ सफाई कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने सम्मिलित होकर पवित्र भाव के साथ श्रमदान किया। इस अवसर पर श्री सोनी ने कहा कि पेयजल संकट बड़ी समस्या बन गई है इससे निपटने के लिए जत्र स्त्रोंतो की खोज कर उन्हे पुनः रिचार्ज करना आवश्यक है। आज नगर में कई तालाब ऐसे है जिनकी सफाई कर रिचार्ज किया जाए तो नगर का जल स्तर काफी हद तक ऊपर उठ सकता है जिससे कुंआ,बाउली एंव हैण्डपंपों में पानी आने लगेगा। इस जल संकट को हल करने के लिए आज वास्तव में हम सभी को एकजुट होने की आवश्यकता है कि हम जल स्त्रोतों के उन्नयन हेतु श्रमदान करें।आज चारों दिशाओं में भीषण जल संकट के आसार हैं।इस संकट से केवल और केवल वृक्षारोपण और जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन से ही निपटा जा सकता है। हम इस बात को जितना पहले समझ ले हमारे भविष्य की दृष्टि से उतना ही श्रेयस्कर है।कार्यक्रम में मैहर कलेक्टर रानी वाटड़,सीएमओ सुषमा मिश्रा,संजय जादवानी,छोटू मैनी, पुनीत मैनी,बालेंद्र पांडे,राहुल पटेल व नगर पालिका कर्मचारीगणों ने भी श्रमदान किया।

# दीन दयाल रसोई योजना में मिल रहा घटिया भोजन

**हरिभूमि न्यूज मैहर।** मध्य प्रदेश की सरकार के द्वारा गरीबों को नाम मात्र का शुल्क लेकर भरपेट भोजन कराने के लिए दीनदयाल रसोई योजना शुरु की गई है । इस योजना को चलाने के लिए ठेके दिए गए हैं जिनकों सरकार के द्वारा अनाज एंव अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। बताया जा रहा है यहां पर भोजन करने के लिए मात्र 5 रुपए का शुल्क रखा गया है। मैहर में बस स्टैण्ड के पीछे दीन दयाल रसोई योजना का संचालन किया जा रहा है।






यहां पर बनने वाला भोजन काफी घटिया होता है मगर गरीब जो बाजार में न खा सकते हैं यहां पर आकर किसी तरह अपना भेट तो भर लेते हैं। बताया जा रहा है कि यहां पर पेमेंट करने भूपेन्द्र पाण्डेय के नाम से मोबाइल स्केनर लगा हुआ है जिससे लोग पैसे डालकर भोजन करते हैं लेकिन जिनके पास मोबाइल स्केनर नहीं है उनसे यहां के लोग मनमानी पैसे वसूल कर लेते हैं। यही नहीं यह भी देखा जा रहा है कि किसी को चावल देते हैं तो किसी को रोटी ही देते हैं और अगर दोबारा खाना मांगों को तो और पैसे की मांग करते है। सफाई के नाम पर जिस टेबल में लोग खाना खाते हैं उस टेबल को सींक वाली झाड़ू से साफ करते हैं जिससे पूरी तरह टेबलें साफ नहीं होती है लेकिन उसी टेबल में बैठकर खाना खाने के लिए मजबूर किया जाता है। सब्जी और दाल के नाम पर पीला पानी और कहीं कहीं दाल दिखती है इसी प्रकार सब्जी में आलू भर रहता है। इस खाने के संबंध में जानने के लिए यहां पर काम कर रहे कर्मचारियों से मालिक का नाम पूंछा गया तो बता नहीं सके कि कौन है यहां का ठेकेदार। यहां पर खाना खाने वालों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए दीनदयाल रसोई योजना में मिलने वाले खाना में सुधार करवाने की मांग की है।

# जैतवारा थाने में गोली से घायल प्रधान आरक्षक की हालत नाजुक, एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाया गया

**हरिभूमि न्यूज सतना।** 28 अप्रैल को जैतवारा थाने में एक बदमाश के हमले से घायल आरक्षक प्रिंस गर्ग को एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाया गया। रीवा के निजी अस्पताल में इलाज करा रहे प्रिंस गर्ग की अचानक हालत बिगड़ने पर एयरलिफ्ट किया गया है। यहां प्रधान आरक्षक को डायरेक्ट थाने में घुसकर गोली मारने वाले आरोपी अच्छु उर्फ आदर्श शर्मा को पुलिस ने स्टार्ट एनकाउंटर में पिछले दिनों गिरफ्तार किया है।

# मैहर में आपूर्ति एवं नाप तौल कार्यालय स्थापित होने की मिली स्वीकृति

**हरिभूमि न्यूज मैहर।** नवगठित जिला मैहर में आपूर्ति कार्यालय और नाप-तौल कार्यालय स्थापित करने की स्वीकृति मिल गई है। यह स्वीकृति मध्य प्रदेश की कैबिनेट बैठक में दी गई है। इन दोनों कार्यालयों के न होने से अभी सतना के ही अधिकारी आते जाते हैं जिससे पूरा समय न मिलने के कारण नगर में कम तौलने वालों की जांच नहीं हो पाती है जिसके कारण उपभोक्ता लुटने को मजबूर है। अब नाप तौल का कार्यालय खुल जाने से उपभोक्ता को काफी राहत मिलेगी वहीं नाप तौल कर व्यापार करने वालों को भी राहत मिल सकेगी।

# सैकड़ा भर गोवंश को बूचड़खाने जाने से रोका

अजयगढ़ थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि कुछ पशु तस्कर भारी तादाद में बैल-बछड़ों को क्रूरता पूर्वक बांधकर जंगल की ओर ले जा रहे हैं, जहां से बड़े वाहनों मे बूचड़खाने भेजे जाने की आशंका है। गो तस्करों पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।







**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** 7 मई 2025 को अजयगढ़ थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की कुछ पशु तस्कर भारी तादाद में बैल-बछड़ों को क्रूरता पूर्वक बांधकर जंगल की ओर ले जा रहे हैं, जहां से बड़े वाहनों में लोडकर बूचडखाने भेजे जाने की आशंका है। अजयगढ़ थाना प्रभारी बखत सिंह ने तत्काल पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस थोटा को मुखबिर की सूचना से अवगत कराया, कार्यवाही के निर्देश प्राप्त होते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना चौहान एवं अजयगढ़ एसडीओपी राजीव सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित कर मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई, जिसमें ग्रामीणों का भी सहयोग लिया गया, पुलिस को देखकर कुछ आरोपी भागने लगे जिनमें से 2 को दबोच लिया गया और कुछ भागने में कामयाब हो गए, इन पशु तस्करों के साथ कुछ महिलाएं भी बताई गई हैं, जो आरोपियों को बचाने के लिए पुलिस कर्मियों एवं ग्रामीणों से झूमाझटकी करने लगी लेकिन पुलिस और ग्रामीणों के द्वारा सभी लगभग सैकड़ा भर से अधिक बछड़ों और बैलों को तस्करों के कब्जे से छुड़ाकर देवगांव की गौशाला में सुरक्षित पहुंचाया गया है। नीरज गोंड़ पिता बीरू निवासी शाहनगर अन्नू सिंह गोंड़ पिता सुरेश घाट महिग्वा शाहनगर दोनों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर अजयगढ़ पुलिस के द्वारा पूछताछ की जा रही है।उक्त कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी बखत सिंह एएसआई हरिश्चन्द राठौर,रावेंद्र सिंह,जोहर सिंह प्रधान आरक्षक संतोष तोमर,आरक्षक मनोज पटेल, अस्वनी अनुरागी सहित बजरंग दल के योगेन्द्र राजा, देवगांव सरपंच प्रतिनिधि पप्पू पटेल सहित दर्जनों स्वंमसेवी मोजूद रहे। कुछ लोगो ने दबी जुबान में संका जाहिर कि कि यहां कुछ दिन बाद गौशाला से पशुओं को छोड़ दिया जाएगा। कुछ ने बताया कि पूर्व में अजयगढ़ नगर परिषद अन्तर्गत कुछ गौरक्षकों बजरंग दल बालो ने पशु तस्करों व ठेकेदारों को पकड़वाया था और कुछ नकाब पोश लोगो को उजागर करने के लिए ज्ञापन बगैरह दिए गए परंन्तु आज तक उनकी जांच नही की गई और न ही उस नकाबपोश नेताओ व अधिकारियों के नाम उजागर हो सके फिलहाल अजयगढ़ पुलिस द्वारा बेलों को तस्करों से छुड़वाकर कर गौशाला तक पैदल जा कर पहुंचाया गया है जिसकी नगर सहित ग्रामीण इलाकों में प्रशंसा की जा रही है।


## खबर संक्षेप

### अनुष्का जैन ने किया नगर का नाम रोशन पाई सफलता की ऊँचाई



**हरिभूमि न्यूज देवेंद्रनगर।** नगर की होनहार छात्रा अनुष्का जैन ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता प्राप्त कर नगर, परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है। अनुष्का ने गुरुकुल हायर सेकेंडरी स्कूल पन्ना की छात्र है जिले में प्रमुख स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया है। अनुष्का जैन पिताश्री प्रभात जैन रेडिमेड कपड़ा व्यापारी, मां श्रीमती सारिका जैन की सुपुत्री है जिले में 12 बोर्ड की विज्ञान संकाय की छात्रा ने 94.4,अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, दादी, चाचा-चाची और अपने शिक्षकों के आशीर्वाद व मार्गदर्शन को दिया है। अनुष्का ने भविष्य में चिकित्सक बनकर देश सेवा का सपना संजोया है। उनकी इस उपलब्धि पर नगरवासियों, मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं। विद्यालय परिवार ने भी अनुष्का को इस उल्लेखनीय सफलता के लिए बधाई दी है और उसके सपनों को साकार करने के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। अनुष्का की यह उपलब्धि न केवल परिवार बल्कि पूरे नगर के लिए गर्व का विषय है।

### महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर विशाल रैली का आयोजन



अमानगंज। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 9 मई 2025 दिन गुरुवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जन्म जयंती का आयोजन किया गया है, जो जलसा रेस्टोरेंट कटनी रोड से दोपहर 2 बजे रैली प्रारंभ होकर मैंन रोड से अमानगंज, घटारी, महेवा होते हुए मढ़ेश्वर धाम बेली हिनौती पहुंचेगी। आयोजन समिति ने क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है। मंदिर गई 16 वर्षीय नाबालिग बालिका का आधा दर्जन युवकों ने किया अपहरण

### पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा शिकायती आवेदन



**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत एक 16 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़ति परिवार ने 7 मई 2025 को पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंप कर बताया है कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिग बालिका 5 मई 2025 को सुबह लगभग 8 बजे गांव के ही चंडी माता मंदिर गई थी, जहां से काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर लड़की के बारे में पता करने लड़के को मंदिर भेजा लेकिन लड़की नहीं मिली, गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि तुम्हारी बच्ची को गांव का एक युवक अपने चार-पांच साथियों के साथ चार पहिया वाहन में जबरन बैठा कर ले गया है। पीड़ति की मां ने बताया कि जब बेटी को उठा ले जाने वाले युवक के घर पहुंचे तो उनके परिवार के लोगों ने गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया, जिसके बाद हम अमानगंज थाना पहुंचे जहां गुमशुदगी का मामला दर्ज कर आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे आज परिवार के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई है। जहां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना चौहान ने शीघ्र ही बालिका की तलाश और आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** म.प्र पूर्वक्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड संभाग द्वारा 9 मई को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर लगाया जाएगा। पन्ना शहर वितरण केन्द्र धरमसागर में जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष व सदस्यों की उपस्थिति में शिविर का समय दोपहर 12 से 2 बजे तक निर्धारित है। विद्युत कम्पनी के कार्यपालन अभियंता अमितेष मिश्रा द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं से शिविर में उपस्थित होकर बिजली बिल, मीटर, लाइन एवं अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण की अपील की गई है।

## 55 वर्षीय अधेड़ फांसी में झूला मामले की पुलिस कर रही पड़ताल



**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** शाहनगर थाना क्षेत्र के महिलवारा पंचायत अंतर्गत अर्थाइ गांव में सुबह करीब साढ़े 8 बजे सनसनी फैल गई,जब खेतों में लगे पलास के पेड़ पर एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। मृतक की पहचान बखत लाल प्रजापति, पिता स्व. श्री बसोरा प्रजापति, उम्र 55 वर्ष, निवासी अर्थाई के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही शाहनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतारकर पंचनामा कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा।शाहनगर शव विच्छेदन ग्रह में पोस्टमार्टम के दौरान दोपहर करीब 3 बजे मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक की ससुराल में शादी थी,जहां मृतक गया हुआ था,वहीं मृतक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी।मृतक ससुराल में हुई बेइज्जती नहीं झेल सका,और घर आकर खेत में लगे पलास के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।आप भी सुनिए मृतक के परिजनों ने क्या कुछ आरोप लगाए हैं। फिलहाल गांव में इस दर्दनाक घटना के बाद मातम का माहौल है।

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 10वीं के आधार पर रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ




**हरिभूमि न्यूज पवई।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य श्री अरविन्द कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अंतर्गत डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में संचालित ब्रांच सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस एवं मॉडर्न आफिस मैनेजमेंट तथा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में संचालित ब्रांच सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस एवं इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन में सत्र 2025-2026 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन एवं प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसके प्रथम चरण में टी एफ़ डबल्यू और सामान्य सीट के लिए संयुक्त रूप से पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है। पंजीयन की प्रक्रिया 1 जून की रात 11रू45 बजे तक चलेगी तथा सभी संचालित ब्रांच में प्रवेश 10वीं के आधार पर होगा, इसके लिए दोनों संस्थाओं की टीमों द्वारा नगर एवं आसपास के गाँव में संपर्क कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जानकारी प्रदान की जा रही है। 10 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को देखते हुये तकनीकी शिक्षा बहुत उपयोगी है, इसमें विद्यार्थियों को अंतिम वर्ष के आते आते नामी कंपनियों जैसे वॉल्वो, टाटा मोटर्स, रोंच पॉलीमर, अशोक लैलेण्ड, जॉन डीयरे, सुब्रोस लिमिटेड, जे के सीमेंट, जे के टायर आदि में प्लेसमेंट मिलने की संभावना होती है। वर्तमान में अधिक जानकारी हेतु शासकीय पॉलीटेक्निक पन्ना तथा पवई स्थित संस्था में प्रातः 10 से साँय 6 बजे तक एवं नजदीकी एमपी ऑनलाइन किओस्क पर संपर्क कर प्रवेश की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभांरभ आज

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग पन्ना द्वारा 9 से 31 मई तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को छत्रसाल स्टेडियम पन्ना में शाम 5 बजे शिविर का शुभांरभ होगा। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। शुभांरभ कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा करेंगे। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी एस.पी. सिंह बघेल ने सर्वसंबंधितों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## शासकीय कन्या उमावि की छात्राओं ने जिले में विद्यालय का किया नाम रोशन

### हाई स्कूल परीक्षा में अंजली राजपूत ने प्राप्त किए 97.4ः अंक



**हरिभूमि न्यूज अमानगंज।** मध्य प्रदेश राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा मध्य प्रदेश बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमें अमानगंज सीएम राइस कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा श्रृति पाठक पिता जागेश्वर पाठक ने कक्षा 12वीं में 467 के साथ 93 .4ःअंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरा स्थान प्राप्ती तिवारी पिता प्रमोद तिवारी ने 450 अंक प्राप्त कर 90ः अंक प्राप्त किया और तीसरा स्थान मानसी शर्मा 444 अंक के साथ 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर अमानगंज एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं हाई स्कूल कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान बहन अंजली राजपूत पिता श्री बृज किशोर राजपूत 486 अंक प्राप्त कर 97.02 प्रतिशत अंक प्राप्त किए एवं बहन राशि व्यास व्यास पिता श्री राजेश व्यास ने 462 अंक प्राप्त कर 92.4 प्रतिशत अंक हासिल किए तीसरा स्थान पूर्वी भरभूजा पिता मुकेश भरभूजा ने 459 अंक प्राप्त कर 91.8ः अंक प्राप्त कर नगर एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकोंओ की मेहनत के कारण अमानगंज कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सीएम राइस विद्यालय का परीक्षा परिणाम 12वीं में 89.83 प्रतिशत रहा और दसवीं में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 92. 27 प्रतिशत रहा। जिसके लिए प्राचार्य मनीष कुमार रेजा ने भी विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओ को बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं। अमानगंज कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य मनीष रेजा ने बताया कि मैं समय-समय पर शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से पढ़ाई के बारे में निरंतर प्रयास करता था और छात्राओं से भी बात करता था पढ़ाई में किसी भी प्रकार की कोई भी दिक्कत ना हो उसी का परिणाम है कि आज हमारे विद्यालय परिवार की छात्राओं ने विद्यालय का नाम रोशन किया।

## प्रदेश की मेरिट सूची में आए 8 मेधावी छात्र-छात्राओं का कलेक्टर ने किया सम्मान




**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी की परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले पन्ना जिले के 8 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा किया गया। मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम में हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने पर सरस्वती उ.मा. विद्यालय देवेन्द्रनगर की छात्रा प्रिया पटेल, नौवां स्थान प्राप्त करने पर रैनबो पब्लिक स्कूल की छात्रा ओशी जैन एवं शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय अजयगढ़ के छात्र महेन्द्र यादव, दसवां स्थान प्राप्त करने पर बीपी मेमोरियल उ.मा. विद्यालय शाहनगर के छात्र सौरभ कुशवाहा एवं सरस्वती ज्ञान मंदिर हाई स्कूल गुनौर के छात्र राज सिंह राजपूत का सम्मान किया गया। इसी तरह हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कला संकाय के शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय पन्ना के छात्र रंजीत कुमार पटेल को चौथा स्थान प्राप्त करने पर, शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय अजयगढ़ की छात्रा चंचल विश्वकर्मा को नौवां स्थान प्राप्त करने पर तथा शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय पन्ना के छात्र प्रकाश कुशवाहा को प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने बच्चों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचाई।

### मेहनत और साहस सफलता के मूल मंत्र- कलेक्टर

कलेक्टर ने प्रावीण्य सूची में आने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावको, शिक्षकों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों से परीक्षा की तैयारी एवं अनुभवों को साझा करते हुए उनके भविष्य के लक्ष्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेहनत और साहस के दो मूल मंत्रो के साथ आगे बढ़ें। कलेक्टर ने मेधावी छात्रों के अभिभावकों से भी उनके त्याग और सहयोग की जानकारी लेकर इच्छा के अनुसार तय किए गए लक्ष्य के अनुसार आगे बढ़ने में मदद करने की बात कही। कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि सफलता पर रुकें नहीं, बल्कि सफलता को निरंतर बनाए रखने के लिए मेहनती प्रयास जारी रखें। अपने माता-पिता और गुरुजनों का सदैव आदर करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थी एवं शिक्षकों के सार्थक प्रयास से इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय सुधार आया है। उन्होंने सभी स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं तथा शैक्षिक गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार के लिए आवश्यक प्रयास की बात कही। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव ने भी सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लगन और परिश्रम से आगे की पढ़ाई कर सफलता की निरंतरता बनाए रखें। जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे ने परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए परीक्षा पूर्व किए गए विभागीय स्तर पर समन्वित प्रयासों की जानकारी से अवगत कराया। साथ ही जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ द्वारा समय समय पर प्रदान किए गए मार्गदर्शन के प्रति आभार भी जताया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, सहायक संचालक शिक्षा अमित जैन, एडीपीसी भारती श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित संबंधित विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षक एवं अभिभावक भी उपस्थित थे।

## पवई विधायक ने दिखायी दरियादिली



### 12 लोगों को 10-10 हजार व तीन लोगों को 3-3 हजार की राशि प्रदान कर बुरे वक्त के समय तुरंत राहत के लिये प्रदान की राशि

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** पीडितों को प्रधानमंत्री आवास योजना का फायदा दिलाया जाएगा पवई विधायक ने कहा जनता ही हमारे लिए भगवान है जब तक जिऊंगा उनकी परेशानियों को दूर करने का प्रयास करता रहूंगा। पवई विधानसभा की सिमरिया सुनवानी क्षेत्र के रामनगर ग्राम में घनघोर आग ने तांडव किया था जिसमें 15 से 20 घर जलकर खाक हो गए थे जिन ग्रामीणों के घर जलकर खाक हुए उनके पास खाने के लिए ना दाने ना सोने के लिए बिस्तर घर के ऊपर छत भी नहीं है ऐसे में पवई विधायक ने दरियादिली दिखाते हुए रामनगर निवासी 12 लोगों को 10000 की सहायता राशि 12 लोगों को तीन 3000 की सहायता राशि प्रदान की पीड़ति परिवारों की समस्याएं सुनी भोपाल में मुख्यमंत्री से पवई विधायक ने मुलाकात की और मुख्यमंत्री राहत कोष से पीड़तिों को उचित मदद मिले उसके लिए पत्र भी लिखा मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से पीडितों को राहत राशि दिलाई जाएगी सिमरिया सुनवानी क्षेत्र के अज्ञात कारण से जब आग सलगी थी विधायक ने तुरंत प्रशासनिक अधिकारियों को फोन करके स्वयं कलेक्टर को फोन करके आग बुझाने में मदद करवाई दूसरे दिन पन्ना जिला के प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़तिों के लिए अनाज एवं सोने की व्यवस्था की विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी पीड़तिों को समय-समय पर उचित सहयोग शासन के द्वारा मिलता रहे।

## अपहृत नाबालिक बालिका को गुनौर पुलिस ने किया दस्तयाब




**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** फरियादी के द्वारा थाना गुनौर उपस्थित होकर ऐसी मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई थी की उसकी नाबालिक लड़की पड़ोस में बनी किराना दुकान पर सामान लेने का कह कर गई थी और तभी से वापस नहीं लौटी है उसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति अज्ञात जगह पर बहला फुसला कर ले गया है। फरियादी की उक्त सूचना पर थाना गुनौर में अपराध क्रमांक 119/25 धारा 137(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। घटना नाबालिक बच्ची से संबंधित गंभीर प्रवृत्ति का पाए जाने से पन्ना पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के द्वारा गुनौर थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार को उक्त प्रकरण में तत्परता से काम करने हेतु आदेशित किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी गुनौर एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में सूचना प्राप्ति के तत्काल बाद से बालिका को खोजने के यथासंभव प्रयास किए गए जिसके फलस्वरुप अपहृत नाबालिक बालिका को दस्तयाब करने में सफलता हासिल कर ली गई है। बालिका ने अपने कथन में आरोपी विधि विरुद्ध बालक के द्वारा उसे शादी का प्रलोभन देकर देकर गलत कार्य करने जैसे आरोप लगाए हैं जिससे प्रकरण में संबंधित गंभीर धाराओं का इजाफा किया गया एवं आरोपी विधि विरुद्ध बालक को पुलिस के द्वारा अभिरक्षा में ले लिया गया है। माननीय न्यायालय के आदेश से आरोपी विधि विरुद्ध बालक को बाल संप्रेषण गृह छतरपुर में भेज दिया गया है। बालिका के वापस प्राप्त होने पर बालिका के परिजनों के द्वारा पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है। पन्ना पुलिस अधीक्षक के द्वारा उत्साहवर्धन के लिए टीम को उचित इनाम देने की घोषणा की गई है।

उल्लेखनीय भूमिका - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक सुशील कुमार थाना प्रभारी गुनौर, उप निरीक्षक जे.पी. अहिरवार थाना गुनौर, आरक्षक देवराज पटेल, महिला आरक्षक मोनिका सिंह थाना गुनौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों का 15 दिन में निराकरण करें प्राचार्यः कलेक्टर

**कलेक्टर ने छात्रवृत्ति योजनाओ की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** गुरुवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति, जनजाति की छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता एवं स्कूल शिक्षा की समेकित छात्रवृत्ति योजनाओ की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग डॉ. प्रियंका राय, डीईओ शिक्षा विभाग आर. पी प्रजापति, सभी बीईओ, शासकीय एवं निजी स्कूल, कॉलेज के प्राचार्य एवं स्कॉलरशिप नोडल उपस्थित रहे रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने आवास सहायता स्वीकृति एवं छात्रवृत्ति के एससी, एसटी के लंबित आवेदन की समीक्षा करते हुए शासकीय कन्या पीजी कॉलेज छतरपुर के अप्रूवल के लिए अधिक लंबित आवेदन होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही श्री कृष्णा यूनिवर्सिटी के स्कॉलरशिप नोडल को भी अधिक लंबित होने पर प्रस्ताव भेजते हुए कार्यवाही के लिए डीईओ को निर्देशित किया। कलेक्टर ने समस्त कॉलेज के प्राचार्यों को निर्देश दिए कि स्कॉलरशिप के लंबित आवेदनों को 15 दिवस में निराकृत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रवृत्ति के आवेदन अप्रूव नही करने पर आई.टी.आई प्राचार्य को शोकॉज, डाइट कॉलेज प्राचार्य नौगांव की 1 वेतन वृद्धि रोकने संबंधित शोकॉज जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन एससी एसटी बच्चों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं किया है उनसे शीघ्र आवेदन कराएं। कलेक्टर ने छात्रवृत्ति में डिफॉल्ट करने वाले कॉलेजों पर कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया। कलेक्टर श्री जैसवाल ने महाराजा छत्रसाल बुन्देलखंड यूनिवर्सिटी छतरपुर में भी लंबित आवेदनों को अप्रूव नही करने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा एससी एवं एसटी छात्रों को आवास सहायता उपलब्ध कराने के लिए कॉलेजों में कैंप लगाएं और आवश्यक दस्तावेज जमा कराएं।

### लापरवाही पर एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

कलेक्टर श्री जैसवाल स्कूल शिक्षा विभाग की समेकित छात्रवृत्ति जिसमें सामान्य, एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों की योजनाओं को जानकारी ली। कलेक्टर श्री जैसवाल ने ब्लॉकवार शिक्षा पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेशन एवं सैंक्शन की समीक्षा करते हुए राजनगर बीईओ एवं संकुल प्राचार्य राजनगर की प्रोफाइल अपडेशन में सैंक्शन के लिए अधिक शेष होने पर 1-1 वेतन वृद्धि रोकने का कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने हटवारा संकुल प्राचार्य को सैंक्शन के लिए शेष में जवाब न देने पर, सटई एवं नौगांव संकुल प्राचार्य को बैठक में अनुपस्थित होने शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही घूरा एवं चंद्रनगर संकुल प्राचार्य को शेष सैंक्शन की सही जानकारी न देने एवं अधिक लंबित होने पर 1-1 वेतन वृद्धि रोकने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रोफाइल अपडेशन के बाद जल्द से जल्द सैंक्शन के लिए शेष आवेदनों को 7 दिवस में निपटाएं। कलेक्टर ने एमपी टास पोर्टल की प्री मेट्रिक एवं पोस्ट मीट्रिक छात्रवृत्ति की समीक्षा करते हुए सैंक्शन के लिए लंबित एप्लीकेशन होने पर अधिक होने पर नौगांव बीईओ की 1 वेतन वृद्धि रोकने एवं इसमें कार्य ठीक से न कर पाने के कारण छतरपुर बीईओ के दूसरी जगह स्थानांतरण की कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द प्रोफाइल अपडेशन कराए और आवेदन स्वीकृत करें। कलेक्टर ने डीईओ एवं सभी बीईओ को सेवानिवृत शिक्षकों के अर्जित अवकाश के जल्द से जल्द 7 दिवस में नगदीकरण के भुगतान के सैंक्शनकर्ता संकुल प्राचार्य को निर्देश दिए। साथ ही संकुल प्राचार्य के अधिक लंबित होने पर कहा कि जब तक ईएल का भुगतान नहीं हो जाता संबंधित की वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा।

---

### सुविधा शुल्क के चलते निलंबन, गंभीर आरोपों के बाद भी डॉ.बी.पी. सूत्रकार परियोजना संचालक आत्मा के पद पर है विराजमान

# गंभीर आरोप के चलते कमिश्नर ने डॉक्टर सूत्रकार को मेला लगाने के लिए रोक लगाई थी, फिर भी कागजों में पुनः 4 लाख का मेला लगा दिया और पैसे निकाल लिए?

हरिभूमि न्यूज छतरपुर ।

कृषि विभाग में बड़ा घोटाला करने के बाद डॉ. बी.पी सूत्रकार को गंभीर आरोपों के चलते कमीश्नर सागर द्वारा निलबिंत किया गया था और जो आरोप लगाए गए थे। उनकी जाँच चल रही है, लेकिन इसी बीच सुविधा शुल्क के चलते डॉ. बी.पी सूत्रकार की बहाली हो गई? और उन्होंने किसी तरह से आत्मा परियोजना के संचालक का प्रभार प्राप्त कर लिया। जबकि शासन का नियम है कि जिस अधिकारी के बिरूद्व जाँच लंबित हो, उसे पद पर पदस्थ नही किया जा सकता। लेकिन डॉ. बी.पी सूत्रकार की जाँच लंबित होने बाद भी उन्हे परियोजना संचालक आत्मा का प्रभार दे दिया गया. क्या ऐसे में निष्पक्ष जाँच हो पाएगी? इस तरह के कई प्रश्न सामने आ रहे है। लेकिन अधिकारी आखों में पटटी बांधे हुए हैं और उन्हें डॉ.बी.पी. सूत्रकार की लंबित जाचें दिखाई नही दे रही है। क्या डॉ.बी.पी. सूत्रकार ने जाचों को प्रभावित करने के लिए ही आत्मा परियोजना संचालक का पद हथयाने के लिए एडीचोटी का जोर लगाया।




चर्चा तो यह है कि आत्मा संचालक का प्रभार पाने के लिए उन्होंने बहुत बड़ा गेम खेला है और उस गेम में कई अधिकारी शामिल है इसलिए तो डॉ.बी.पी. सूत्रकार ने दबंगी के साथ 4 लाख रूपये मेले के नाम पर फर्जी बाउचरों के सहारे निकाल लिए उनकी दबंगी तो तब देखने को मिली थी जब उन्होंने सभी नियमों को दरकिनार करते हुए जिला स्तर की जगह बिकासखंड स्तर पर



और बह भी जिला पंचायत अध्यक्ष के निजी फार्महाउस में मेले का आयोजन कर औपचारिकता पूरी कर ली। इसके पहले भी डॉ.बी.पी. सूत्रकार द्वारा खेत तालाब के नाम पर भी लाखों करोड़ो का घोटाला किया गया था। अब यह बात समझ से परे है कि ऐसे बडे-बड़े घोटाले करने बाले अधिकारी को दोबारा पद पर विराजमान क्यों कर दिया जाता है।

### कमीश्नर ने जारी किया था 9 सूत्रीय आरोप पत्र

डॉ.बी.पी. सूत्रकार के विरूद तमाम आरोप लगे थे जिसकी जाचं करने के लिए कमीश्नर डॉ.वीरेन्द्र रावत ने 9 सूत्रीय आरोप पत्र जारी किया था जिसकी जाचं अभी चल रही है। और डॉ.बी.पी. सूत्रकार इस जाचं को प्रभावित भी कर सकते है। जो 9 सूत्रीय आरोप पत्र जारी हुआ उसमें अनुसार आरोप क्रमांक 1 जिले में उर्वरक वितरण का कार्य जोरो पर था उस समय इनके द्वारा आचार सहिंता लागू होने एवं कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के विना अनुमति प्राप्त किय जिले में पदस्थ उर्वरक निरीक्षकों को जानबुझकर टेनिंग में भेजा और प्रशासन का असहयोग किया गया। जिससे उर्वरक वितरण की मानीटिरिंग न करने एवं कालाबजारी में सलिंत पाए गए थे।

**आरोप क्रमांक 2** के अनुसार विकासखंड बिजावर एवं गुलगंज के अंतर्गत निर्धारित उर्वरक निरीक्षक को प्रभुदयाल अग्रवाल ग्रेन मर्चट एवं कमीशन एंजेट गुलगंज की गोदाम की जाचं हेतु ना भेजकर छतरपुर विकासखंड के लिए नियुक्त उर्वरक निरीक्षक को भेजकर कार्यवाही को जानबुझकर विलबिंत एवं देषपूर्ण बनाकर उक्त व्यापारी को बचाने का पूरा प्रयास किया गया है

**आरोप क्रमांक 3** के अनुसार 21 नवम्बर 2023 को ग्राम हमा में बरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उर्वरक निरीक्षक विकासखंड छतरपुर के द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत 58 बोरी जिपसम उर्वरक जप्त किया गया था जिसके संबंध में उर्वरक निरीक्षक के द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन चाहा गया था लेकिन डॉ.बी.पी. सूत्रकार ने अवैधानिक रूप से जप्त उर्वरक को बिना किसी कार्यवाही के 6 दिसंबर 2023 के द्वारा रिलीज किए जाने का पत्र जारी कर उर्वरकों की कालाबजारी में सहयोग किया गया था।

**आरोप क्रमांक 4** के अनुसार कलेक्टर छतरपुर द्वारा जारी नोटिस के अनुरूप दिए गए निर्देशों का डॉ.बी.पी. सूत्रकार के द्वारा पालन नही किया गया जबकि घटना दिंनाक को डॉ.बी.पी. सूत्रकार स्वमं उपस्थित थे उसी प्रकार पूर्व में भी डॉ.बी.पी. सूत्रकार ने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल 50 दिवस से अधिक समय से लबिंत शिकायतों का समयसीमा में रूचि नही ली जिस कारण बताओ नोटिस जारी किया और डॉ.बी.पी. सूत्रकार ने इस कारण बताओ नोटिस का समाधान कारक उत्तर भी नही दिया जिससे सिद्व है कि डॉ.बी.पी. सूत्रकार द्वारा लगातार प्रकरणों का निराकरण न कर अपने पद के दायित्व के प्रति उदारसीनता लापरवाही एवं बरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की गई है।

डॉ.बी.पी. सूत्रकार पर लगे 5 में आरोप के अनुसार उन्होंने सबिदा कर्मियों की स्थानतंरण नीति न होने के बाद भी पदस्थ सबिदा कमिर्यो का स्थानतंरण कराया गया जिससे आयुक्त सह संचालक किसान कल्याण भोपाल के द्वारा भी कारण बताओ नोटिस डॉ.बी.पी. सूत्रकार को जारी किया गया डॉ.बी.पी. सूत्रकार ने कलेक्टर द्वारा नियुक्ता अधिकारी को गुमराह कर स्वेछाचार्रिता करते हुए सबिंदा कमियों के स्थानतंरण कराए गए है।

**आरोप क्रमाक 6** के अनुसार डॉ.बी.पी. सूत्रकार ने छतरपुर में पदस्थी अवधि के दौरान आत्मा परियोजना के गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष होने के बावजूद भी आत्मा की गाईडलाइन 2018 के पृष्ठ क्रमांक 57 बिदु क्रमांक 14 में प्रत्येम तीमाही में आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में किए जाने के निर्देश थे डॉ.बी.पी. सूत्रकार ने एक भी बैठक आयोजित नही की जो अनुशासनहीनता का प्रतीक है।

**आरोप क्रमांक 7** के अनुसार आत्मा योजना के अंतर्गत नवाचार एवं प्रदर्शन घटक के तहत कलेक्टर सहअध्यक्ष आत्मा गवर्निंग के अनुमोदन के बिना निजीविक्रेताओ सें बीज क्रय कर भुगतान कर नियमों का उल्लंघन डॉ.बी.पी. सूत्रकार द्वारा किया गया इस मामले को कलेक्टर के सज्ञान में ना लाकर व्रितीय अनिमिताए की गई है।

**आरोप क्रमांक 8** के अनुसार डॉ.बी.पी. सूत्रकार ने 2 जनवरी 2023 को कृषि उपजमंडी में मेले का आयोजन किया था जिसमें नेशनल बुक डिपो छतरपुर को सामग्री देने के लिए आदेश दिया गया था लेकिन 1 जून 2023 को कृषक बंदना स्वाली आधारताल जबलपुर को कृषि विज्ञान मेले हेतु सामग्री उपलब्ध कराने हेतु प्रत्र जारी किया गया था मेले में तकनीकी जानकारी के लिए कृषि विज्ञान के वैज्ञानिको तथा कृषि से सबंध विभागों को सूचित किया जाना था लेकिन ऐसा नही किया गया उन्होंने प्रभारी उपसंचालक कृषि एंव परियोजना संचालक आत्मा के प्रभार में रहते हुए आत्मा योजना अतर्गंत जिलास्तरीय मेले का आयोजन न कर राशि अनियमित भुगतान किया था

**आरोप क्रमांक 9** के अनुसार मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र दिनांक 8 दिसंबर 2023 के अनुक्रम में छतरपुर जिले में दिनांक 16 दिसंबर 2023 से आयोजित विकसित भारत सकंल्प यात्रा के आयोजन में डॉ.बी.पी. सूत्रकार भेजे गए निर्धारित दायित्वों का पालन करने में रूचि नही ली थी उनपर लगे सभी आरोप कदाचरण की श्रेणी में थे।

### विचारणीय प्रश्र

इतने गंभीर आरोप लगे होने और उनकी जाँच निलंबित होने के बावजूद डॉ. सूत्रकार को फिर से परियोजना संचालक आत्मा का प्रभार सौंप दिया गया, जो एक विचारणीय प्रश्न है। शासन प्रशासन को विचार करना चाहिए कि इतने बड़े गंभीर आरोपो की जाँच डॉ. सूत्रकार के पद पर रहते कैसे निष्पक्ष की जाएगी।

---

## बाइक-पिकअप की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** राजनगर क्षेत्र में रनेह फॉल रोड पर भवानीपुरा गाँव के पास बीती रात 11:30 बजे एक बाइक और पिकअप वाहन की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए थे, जिनमें से एक युवक की मौत हो गई है जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को खजुराहो से जिला अस्पताल पन्ना रेफर किया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। मृतक का पोस्टमॉर्टम गुरुवार को जिला अस्पताल में किया गया

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पन्ना जिले के ग्राम बनहारी का रहने वाला कंदी पुत्र सरजू आदिवासी उम्र 25 वर्ष अपने साथी भोला आदिवासी उम्र 25 वर्ष और संतु पुत्र पूरन आदिवासी उम्र 12 वर्ष के साथ, बीती रात बाइक से करिया बीजो गाँव से धुन्चू गाँव की ओर जा रहा था, तभी रनेह फॉल रोड पर भवानीपुरा गाँव के पास उनकी बाइक एक पिकअप वाहन से टकरा गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें खजुराहो अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल पन्ना रेफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान कंदी आदिवासी की मौत हो गई, जबकि भोला और संतु का इलाज जारी है। मृतक कंदी का पोस्टमॉर्टम गुरुवार को जिला अस्पताल में किया गया।

---

**आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर नाराज होकर शुरु किया धरना**

## गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठी बलात्कार पीड़िता

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** गुरुवार को एक बलात्कार पीड़ित महिला ने आरोपी की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित होकर एसपी ऑफिस के बाहर धरना शुरू कर दिया। पीड़िता के मुताबिक उसने करीब डेढ़ माह पहले कोतवाली थाने में बलात्कार की एफआईआर दर्ज कराई थी, लेकिन आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है।



पीड़िता ने बताया कि पठापुर रोड निवासी मनू अरजरिया ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी से मुकर गया। इस मामले में पीड़िता छह बार एसपी ऑफिस में आवेदन दे चुकी है। गुरुवार को सातवीं बार एसपी ऑफिस पहुंची पीड़िता ने दोपहर साढ़े 12 बजे धरने पर बैठने का फैसला किया। धरने के दौरान एक महिला पुलिसकर्मी ने पीड़िता से बात करने की कोशिश की, लेकिन पीड़िता ने कहा, जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होगा, मैं यहां से नहीं हटूंगी। कुछ समय बाद एएसपी विदिता डाकर, पीड़िता से बिना बात किए बिना उसके सामने से गुजर गईं। कुछ समय बाद जब मीडिया कर्मियों द्वारा सोशल मीडिया पर मुद्दा उठाया गया तो पुलिस विभाग सक्रिय हुआ। एएसपी विदिता डागर वापिस एसपी ऑफिस पहुंची जहां उन्होंने पीड़िता के साथ जमीन पर बैठकर उससे बात की और 12 घंटे में आरोपी को पकडऩे का आश्वासन दिया, जब जाकर पीड़िता धरने से उठी। पुलिस ने आरोपी मनु अरजरिया पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

---

## नेशनल लोक अदालत 10 मई को

**जिला एवं तहसील न्यायालयों में 28 खंडपीठों का हुआ गठन**

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशन एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर की अध्यक्षता में आगामी नियत 10 मई, 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राजीनामा योग्य सिविल, किमिनल प्रकरण, विद्युत विभाग, नगरपालिका, बैंक, वित्तीय बैंक, ऋण संबंधी एवं दूरसंचार विभाग के प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्दर सिंह के अनुमोदन उपरांत जिला न्यायालय छतरपुर एवं तहसील न्यायालय नौगांव, बिजावर, लवकुशनगर, राजनगर, बड़ामलहरा सहित कुल 28 खंडपीठों का गठन किया गया है, जिसमें जिला न्यायालय मुख्यालय छतरपुर में 10 खण्डपीठ एवं तहसील स्तर पर 18 खण्डपीठों का गठन किया गया है। जिनके द्वारा आपसी सुलह समझौतों के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्दर सिंह एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में आकर लंबित विचाराधीन समस्त राजीनामा योग्य प्रकरण का निराकरण कराकर लाभ उठाये ।

---

## सुजारा बांध का भ्रमण करने पहुंचे विद्यार्थी,जल संवर्धन की तकनीकियों को बारीकी से जाना

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में बुधवार को नगर के शासकीय बालक हायर सेकेंडरी सीएम राइस स्कूल के छात्र छात्राओं को संस्था की प्राचार्य अल्का शुक्ला एवं उनके स्टाफ के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत स्कूली बच्चों को बांध सुजारा बांध का भ्रमण कराया गया। जहां पर बच्चों को बांध बनाए जाने से लेकर उसमें पानी रोकने और पानी को छोडने की तकनीकियों के साथ नदियों में किस प्रकार पानी का संग्रहण किया जाता है और नहरों के माध्यम से किस प्रकार सिंचाई की जाती है। यह स्कूली बच्चों ने बारीकी से समझा। वहीं सुजारा बांध पर बने पानी की फिल्टर पॉइंट का भी बच्चों ने अवलोकन किया। जहां पर स्कूली बच्चों ने बांध पर बने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल शोधन संयंत्र के समक्ष पानी की बर्बादी नहीं करने और न करने देने की शपथ ली।



### 1 मई से संस्था में आयोजित किया जा रहा समर कैंप

उल्लेखनीय है कि नगर घुवारा के सीएम राइज विद्यालय में 1 मई से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शामिल छात्रों को विभिन्न प्रकार के खेल जैसे क्रिकेट, फुटबॉल, खो, खो, कबड्डी, आदि खेलों को नियमित कराया जा रहा है। ताकि खेलों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। वहीं समर कैंप प्रभारी राजकुमार सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था में खिलवाए जा रहे सभी प्रकार के खेलों में स्कूली बच्चे रुचि लेते हुए खेल रहे हैं।

---

## ज्वैलरी दुकान से नाबालिग ने की चोरी, सीसीटीवी में कैद

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में सागर-कानपुर हाईवे पर शासकीय हाई स्कूल के पास स्थित न्यू सोनम ज्वैलर्स दुकान में एक नाबालिग लड़के द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिए जाने का मामला सामने आया है। न्यू सोनम ज्वेलर्स के मालिक सोनू सोनी ने बताया कि नाबालिग लड़के ने मौका पाकर दुकान से सोने की चूड़ियाँ चुरा लीं। यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई थी, जिसमें नाबालिग लड़का चूड़ियाँ चुराते हुए दिखाई दे रहा है। घटना के बाद सोनू सोनी ने गढ़ीमलहरा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

---

## टीएचडीसी अमिलिया के परियोजना प्रमुख अवधेश शर्मा की बेहतर कार्यशैली ने कंपनी प्रबंधन का बढ़ाया मान

सिगरौलीः

**टीएचडीसी अमिलिया के प्रमुख ए के शर्मा अपनी कार्यशैली से कंपनी प्रबंधन को एक नई ऊचाई पर ले जा रहे है, कहाँ जाता है कि रास्ते कितने भी कठिन हों अगर इरादे पक्के हैं तो मंजिल जरूर मिलती है।**

आज हम बात करेंगे एक ऐसे ईमानदार एवं कुशल अधिकारी की जिनकी कार्यशैली ने मिशाल कायम किया है। जानकारी के अनुसार नवम्बर 2023 में सेवानिवृत हुए टीएचडीसी कंपनी अमिलिया के परियोजना प्रमुख ए.के. शर्मा को कंपनी प्रबंधन ने इनके बेहतर कार्य को देखते हुए लगातार नई जिम्मेदारियां दे कर नौकरी की समय सीमा बढ़ाते हुए कार्यरत रहने को कहा। वहीं ए.के. शर्मा के नेतृत्व में कोयला मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय सीमा से 1 वर्ष पूर्व ही परियोजना से कोयला उत्खनन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था, और इनके कुशल नेतृत्व में बेहतर कोयला उत्पादन करके 1400



मॉल गाड़ी खन्ना बंजारी में सप्लाई किया जा चुका है साथ एन.टी.पी.सी. जैसे कंपनी को लगातार कोयला सप्लाई किया जा रहा है।

### वर्तमान में अमिलिया कोल माइंस परियोजना निर्विवाद -

सुचारू रूप से संचालित हो रही है, एवं परियोजना से प्रभावित होने वाले काश्तकारों को मुआवजे का भुगतान करने के साथ-साथ विस्थापितों को समस्त मूलभूत सुविधाओं से युक्त कालोनी - आवासीय परिसर, बिजली, पानी, सड़क,अस्पताल, विद्यालय, आंगनबाड़ी का निर्माण किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े, ग्रामीणों में कम्पनी प्रबंधन के कार्यों को लेकर बेहद खुशी है, और इनके इन्हीं अच्छे कार्यों के लिए कई बार पुरस्कृत किया जा चुका है! अपने कर्तव्यनिष्ठ एवं सरल सहज व्यवहार से सबके दिलों में बसने वाले अधिकारी ए.के. शर्मा सदैव निम्न स्तर से लेकर उच्च स्तर तक के लोगों को भाते हैं और जो भी इनके पास आते हैं खाली हाथ नहीं जाते हैं। श्री शर्मा के लिए एक लोकोक्ति फिट बैठती है कि "होनहार वीरवान के होत चिकने पात" कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इनके अच्छे कर्यो के कारण विस्थापितो के साथ-साथ जिला प्रशासन के अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी खुश होकर इनके कार्यों की सरहाना कर रहे है!

---

## एनसीएल ने टीबी उन्मूलन की दिशा में "निक्षय पत्र" कार्यक्रम का किया शुभारंभ

सिगरौलीः



सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'निक्षय पत्र' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने हेतु उन्हें उचित पोषण एवं वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

एनसीएल की "निक्षय पत्र" पहल के तहत सिंगरौली परिक्षेत्र में 6 माह की अवधि तक टीबी रोगियों को फूड बास्केट का वितरण किया जाएगा जिसमें पौष्टिक आहार जैसे मूँगफली, चना, आटा, दाल और तेल जैसी सामग्री शामिल है। कार्यक्रम के पहले दिन ही 100 लोगों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। गत मंगलवार को आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक श्री रामनिवास शाह, जिला कलेक्टर श्री चन्द्रशेखर शुक्ला, स्थानीय जन प्रतिनिधि, सीएमएचओ डॉ. एन. के. जैन, जिला क्षय अधिकारी, डॉ. विशेष सिंह और सीएमएस, एनसीएल, डॉ. विवेक खरे, डॉ. डी. जे. बोरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि सिंगरौली परिक्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से एनसीएल ने 5 फरवरी, 2024 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल के साथ एमओयू किया था। इस एमओयू के अंतर्गत एनसीएल ने सीएसआर मद से 4.63 करोड़ रुपये खर्च कर सिंगरौली में टीबी रोग के त्वरित निदान के लिए सीबीएनएएटी/एनएएटी मशीन स्थापित की है। साथ ही, दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) भी संचालित की जा रही है।

